यति नरसिंहानन्द सरस्वती ने अपने रक्त से लिखा सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र

वर्ष 9, अंक: 5, नवम्बर-2018

मूल्य: 10 रुपये

सूर्या बुलेटिन

RNI NO. UPHIN/2009/32604

नक्कार खाने में तूती बजाता एक सन्यासी

'हिन्दुओं किसी और काम पहले अपने नेताओं को चीन जैसे कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनवाने के लिए मजबूर करो'

:-यति नरसिंहानंद सरस्वती

माँ जगदम्बा महाकाली डासना वाली का परिवार

हिन्दू स्वाभिमान

सनातन धर्म रक्षा हेतु हिन्दू स्वाभिमान से जुड़े

जगदम्बा माह काली डासना वाली का परिवार

आपका हार्दिक स्वागत करता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष यति मां चेतनानंद सरस्वती

मो. 9359931727, 93111 39274

www.hinduswabhiman.com

सूर्या बुलेटिन

वर्ष: 9, अंक: 5
नवम्बर 2018

मुख्य मार्गदर्शक
यति मां चेतनानन्द सरस्वती जी

मुख्य संरक्षक मंडल
डॉ. आर.के. तोमर
श्री विनोद सर्वोदय
श्री हरिनारायण सारस्वत
श्री राजेश यादव
श्री नीरज त्यागी

सम्पादक
अनिल यादव

प्रबन्ध सम्पादक
शुभम मंगला

उप-सम्पादक
पृथ्वीराज चौहान (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट)

सम्पादकीय मंडल
श्री संदीप वशिष्ठ
श्री प्रमोद शर्मा
श्री अक्षय त्यागी
श्री मुकेश त्यागी
श्री दिव्य अग्रवाल
श्री जतिन गोयल

कानूनी सलाहकार
श्री आरपी सिसौदिया (एडवोकेट)
श्री राजकुमार शर्मा (एडवोकेट)

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सीमा यादव द्वारा मै0 सुभाषिनी ऑफसैट प्रिन्टर्स एप-10 पटेल नगर तृतीय, गाजियाबाद से मुद्रित करवाकर प्राचीन देवी मंदिर डासना, गाजियाबाद उ.प्र. से प्रकाशित किया।
टाइटल कोड: UPHIN40005
सम्पादक: अनिल यादव
मो. 9311139274
suryabulletin@gmail.com
RNI NO. UPHIN/2009/32604

नोट: किसी भी लेख की जिम्मेदारी लेखक की खुद की रहेगी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।



कवर स्टोरी

नक्कार खाने में तूती बजाता एक संन्यासी पेज-24

'धमार्धारित आतंकवाद एक सच्चाई' पेज-10

यति नरसिंहानन्द सरस्वती जी महाराज को कमजोर और अकेला समझने की गलती न करे मोदी सरकार : यति माँ चेतनानंद सरस्वती पेज-38

'किसी के नाम से मशहूर होकर गाँव चलता है' पेज-40

क्या ...देवबंद मदरसा आतंकवाद का अड्डा है? पेज-46

सम्पादकीय

एक भी कंडील जलता है, कहीं पर भी न कोई

एक भी कंडील जलता है, कहीं पर भी न कोई,
जुगनुओं की रोशनी में काम चलता है शहर का।
इस कदरी अमृत सरेबाजार अपमानित हुआ है,
हो गया है भाव ऊंचा सब दुकानों पर जहर का।
लग रहा है फिर परीक्षित अब यहां कोई भरेगा,
रस विधायक स्वर सपेरों का समर्थन कर रहे हैं।
राष्ट्र के निर्माण की जो खूब बातें कर रहे थे
राष्ट्र के निर्मम लुटेरों का समर्थन कर रहे हैं।

एक संन्यासी जिनका नाम यति नरसिंहानंद है,शिव शक्तिधाम में 1नवम्बर, 2018 से आमरण अनशन की जिद ठान कर डासना के शिव शक्तिधाम में बैठा हुआ है। उसे लगता है कि सनातन धर्म और हिन्दू समाज के अस्तित्व पर घोर संकट है। उसके पास कुछ आंकड़ें हैं, जो उसने 22 साल इस्लामिक जिहाद के इतिहास का अध्ययन करके एकत्रित किये हैं। इस्लामिक जिहाद के इतिहास का एक-एक नंगा सच इस संन्यासी ने खोजा है और अपने इस विशिष्ट अध्ययन के कारण पूरी दुनिया के इस्लामिक जिहादियों के बारे में कही हुई इस संन्यासी की एक-एक बात सत्य सिद्ध होती है। अब यह संन्यासी भविष्यवाणी कर रहा है कि केवल 2019 में होने वाले आम चुनाव में अपनी जनसंख्या के माध्यम से मुसलमान इस देश में अपना प्रधानमंत्री बना लेंगे और उसके बाद सनातन धर्म का सूर्य हमेशा के लिए अस्त हो जाएगा। यह संन्यासी भारत सरकार से केवल इतना चाहता है कि यहां एक ऐसा कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बने कि एक देश में चाहे कोई किसी धर्म का मानने वाला हो, किसी जाति से सम्बन्धित हो, किसी प्रांत का रहने वाला हो,कोई भी भाषा बोलता हो, उसे किसी भी कीमत पर दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने का अधिकार नहीं होना चाहिये। अगर कोई दो से ज्यादा बच्चे पैदा करता है तो उसे कठोर दण्ड मिलनाा चाहिये।

अनिल यादव

ऐसे समय में जब भारत के सभी नामचीन हिन्दू धर्माचार्य पूरी शक्ति से राममंदिर का मुद्दा उठाये हुए कहीं धर्मसंसद कर रहे हैं, कहीं धर्म सभा कर रहे हैं और धर्मादेश जारी कर रहे हैं। इस संन्यासी की बात नक्कारखाने में तूती की तरह लगती है और लगता है कि क्या यह व्यक्ति बेकार की जिद करे हुए बैठा है। सारे हिन्दू धर्मगुरु कैसे गलत हो सकते हैं। बड़े-बड़े जगद्गुरु, बड़े-बड़े महामंडलेश्वर,बड़े-बड़े महन्त, श्री महन्त और बड़े-बड़े उपाधिधारी,संन्यासी और संत राम मंदिर बनवा कर मोदी जी और योगी जी को साक्षात् भगवान श्रीराम का अवतार घोषित करने की तैयारी में यूं ही थोड़े बैठे हैं। अखिल भारतीय संत समिति के तत्वावधान में 3 और 4 नवम्बर,2018 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में बड़े-बड़े सन्तों ने राम मंदिर बनवाने के धर्मादेश से ज्यादा 2019 में नरेन्द्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनवाने का धर्मादेश दिया। सभी संतों को और हिन्दुओं के संगठनों को पूर्ण विश्वास है कि 2024 तक मोदीजी और उनके बाद अनन्तकाल तक योगी भारत पर राज करके भारतवर्ष को पुनः जगद्गुरु बनाकर ही दम लेंगे।

एकतरफ सभी धर्मगुरु इतने दृढ़ विश्वास के साथ पूरे भारत के हिन्दुओं को जगाने में लगे हुए हैं, दूसरी तरफ यति नरसिंहानंद सरस्वती जी हिन्दू का मनोबल तोड़ते हुए कह रहे हैं कि कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना तो राम मन्दिर को धरती की कोई ताकत बना ही नहीं सकेगी परन्तु जो आज मन्दिर हैं वो भी एक दिन मस्जिद बन जाएंगे।

उनका तो यह भी कहना है कि भारत विश्वगुरु तो जरूर बनेगा परन्तु वह इस्लाम का विश्वगुरु होगा जो कुरआन के आदेश पर चलते हुए दुनिया के हर काफिर को मिटाने का कार्य करेगा। उस स्थिति में भारत पूरी दुनिया का कैंसर सिद्ध होगा।

अब मुझे नहीं पता कि यह संन्यासी सही बोल रहा है या बाकी सारे धर्मगुरु सही हैं। मुझे यह भी नहीं पता कि भारत सनातन का जगद्गुरु बनेगा या इस्लाम के जिहाद का विश्व गुरु बनेगा। मुझे यह भी नहीं पता कि राम मंदिर बनेगा या बाकी सारे मंदिर टूटेंगे। आज मेरा मन चाहता है कि इस संन्यासी की एक भी बात सत्य न हो जाएं परन्तु मेरा दिमाग कहता है कि यह संन्यासी कभी झूठ नहीं बोलता और इसकी कोई भी भविष्यवाणी कभी किसी ने झूठी होते हुए नहीं देखी। अगर इस संन्यासी की ये सब भविष्यवाणी सत्य सिद्ध हो गईं तो न जाने क्या होगा? क्या हम अपने सर्वनाश का खतरा मोल ले सकते हैं? इस देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, मैं देश के हर नागरिक से यह कहना चाहता हूं कि हर नागरिक इस संन्यासी की बात सुनें और इसकी बातों पर ध्यान दें। अगर उन्हें यह लगे कि इस संन्यासी की बात ठीक है तो उन्हें अपने नेताओं को भारत में कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के लिए मजबूर करना चाहिये। इस संन्यासी की बात अगर गलत है तो इसे जेल या पागलखाने में होना चाहिये।

अब सच जो भी हो परन्तु हम सूर्या बुलेटिन की टीम इस संन्यासी की बात सुनेंगे जरूर और जरूर और आप तक पहुंचायेंगे भी।

हिन्दू शेर राजाराम जाट ने वीर गोकुल जाट की हत्या का प्रतिशोध

अकबर के मकबरे को तोड़ व कब्र खोद के अस्थियाँ जलाकर लिया

चौधरी अंजली आर्या (रोरी)

भारत में औरंगजेब का शासन चल रहा था और हिन्दुओं का जीना मुश्किल हो गया था। औरंगजेब, जिसने अपने पिता को भी कैद में डाल दिया था, उसने सत्ता के लिए अपने सगे भाइयों को भी मार दिया था। हिन्दुओं पर औरंगजेब के अत्याचार दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे थे। औरंगजेब से लोहा लेने एक वीर जाट खड़ा हो गया जिसका नाम था राजाराम। राजाराम जाट, भज्जासिंह का पुत्र था और सिनसिनवार जाटों का सरदार था। वह बहुमुखी प्रतिभा का धनी था, वह एक साहसी सैनिक और विलक्षण राजनीतिज्ञ था। उसने बड़ी चतुराई से जाटों के दो प्रमुख कबीलों- सिनसिनवारों और सोघरियों (सोघरवालों) को आपस में मिलाया। सोघर गाँव सिनसिनी के दक्षिण-पश्चिम में था। रामचहर सोघरिया कबीले का मुखिया था। राजाराम और रामचहर सोघरिया दोनों ने मिलकर औरंगजेब के अत्याचारों से लड़ने का निर्णय लिया।

सिनसिनी से उत्तर की ओर, आऊ नामक एक समृद्ध गाँव था। यहाँ औरंगजेब ने एक सैन्य दल मालगुजारी के लिए नियुक्त कर रखा था। इस क्षेत्र से लगभग 2,00,000 रुपये सालाना मालगुजारी होती थी। इस क्षेत्र में व्यवस्था बनाने के लिए एक चौकी बनाई गयी थी। इस चौकी के अधिकारी का नाम था लालबेग, जो एक नीच पशु प्रवृत्ति का व्यक्ति था। एक दिन एक हिंदू अपनी पत्नी के साथ गाँव के कुएँ

पर विश्राम के लिए रुका हुआ था। लालबेग का एक कर्मचारी उधर से गुजर रहा था, वह हिन्दू युवती की सुन्दरता को देखकर तुरन्त लालबेग को खबर देता है। लालबेग अपने सिपाही भेजकर हिन्दू युवती को जबरन अपने चौकी पर उठा लाने के लिए भेज देता है , उसके सिपाही हिन्दू युवक को मार पीट कर भगा देते हैं और उसकी पत्नी को लालबेग के निवास में उठा लाते हैं।

यह खबर चारों तरफ फैल जाती है और राजाराम के कानों में पड़ती है। राजाराम ठान लेता है कि वह लालबेग को सबक सिखा के ही रहेगा। उसने अपने सैनिकों को युद्ध के लिए तैयार किया और लालबेग को मारने की योजना बनाई। राजाराम ने अपने सैनिकों के साथ लालबेग की चौकी को चारों तरफ से घेरकर हमला किया इस दौरान भयंकर युद्ध में काफी संख्या में लालबेग और उसके सिपाही मारे गये। इस युद्ध के बाद राजाराम ने अपनी सेना को आधुनिक हथियारों से सुव्यवस्थित सेना बनाना प्रारम्भ कर दिया। आधुनिक व प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों से युक्त उसकी सेना अपने नायकों की आज्ञा मानने को हमेशा तैयार रहती थी। राजाराम ने जाट-प्रदेश के सुरक्षित जंगलों में छोटी-छोटी कि ले नुमा गढ़ियाँ बना दीं। इन पर गारे की (मिट्टी की) परतें चढ़ाकर मजबूत बनाया गया जिन पर तोप-गोलों का असर बहुत कम होता था। राजाराम के चर्चे चारों दिशा में होने लगे। उसने औरंगजेब से विद्रोह कर उसे युद्ध के लिए ललकारा। उसने धौलपुर से आगरा तक की यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति से 200 रुपये लेना शुरू किया। इस एकत्रित धन को राजाराम अपनी सेना के प्रशिक्षण पर खर्च करता था, जो मुगलों को ढूंढ़-ढूंढ़ कर मारती थी। जिस प्रकार मुगलों ने हिन्दू मंदिरों को तोड़ा था उसी प्रकार राजाराम उनके मकबरों और महलों को तोड़ता था। राजाराम के भय से मुगलों ने बाहर निकलना बन्द कर दिया था।

राजाराम की वीरता की बात औरंगजेब के कानों तक भी पहुंची। उसने तुरन्त कार्रवाई की और जाट- विद्रोह से निपटने के लिए अपने चाचा, जफरजंग को भेजा। राजाराम ने उसको भी धूल चटाई। उसके बाद औरंगजेब ने युद्ध के लिए अपने बेटे शाहजादा आजम को भेजा। लेकिन उसे वापस बुलाया और आजम के पुत्र बीदरबख़्त को भेजा। बीदरबख़्त बालक था इसलिए जफरजंग को प्रधान सलाहकार बनाया। बार-बार के बदलावों से शाही

फौज में षड्यन्त्र होने लगे। राजाराम ने मौके का फायदा उठाया, बीदरबख़्त के आगरा आने से पहले ही राजाराम ने मुगलों पर हमला कर दिया।

सन् 1688, मार्च में राजाराम ने सिकंदरा पर आक्रमण किया और 400 मुगल सैनिकों को काट दिया। कहते हैं कि राजाराम ने अकबर और जहांगीर के कब्र को तोड़ कर उनकी अस्थियों को बाहर निकाला और जला कर राख कर दिया।

मनूची का कथन है कि जाटों ने काँसे के उन विशाल फाटकों को तोड़ा। उन्होंने बहुमूल्य रत्नों और सोने-चाँदी के पत्थरों को उखाड़ लिया और जो कुछ वे ले जा नहीं सकते थे, उसे उन्होंने नष्ट कर दिया था। राजाराम के साहस की चर्चा होती थी और मुगल शासक उनसे डरते थे। जिस युद्ध के बीज औरंगजेब के अत्याचारों ने बोए थे, उसे राजाराम ने नष्ट कर दिया। औरंगजेब के अत्याचार, हिन्दू मन्दिरों के विनाश और मन्दिरों की जगह पर मस्जिदों का निर्माण करने से जनता के मन में बदले की भावना पनप चुकी थी। इसी कारण से लोग मुगल शासन के विरुद्ध विद्रोह करने लगे थे। राजाराम एक शूरवीर नायक थे । 4 जुलाई 1688 को राजाराम युद्ध के दौरान अपनी सेना की एक टुकड़ी का निरीक्षण कर रहे थे, उसी समय धोखे से उन पर मुगल सैनिक ने पीछे से गोली मारी, जिससे वीर योद्धा राजाराम वीरगति को प्राप्त हो गये और इस दिन रामचहर सोघरिया भी लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हो गये। हमारी सरकारों ने इन वीर योद्धाओं की याद में कोई बड़ा स्मारक भी नहीं बनवाया ताकि आने वाली पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके और न ही हमें इतिहास की पुस्तकों में राजाराम जाट के बारे में पढ़ाया गया। हमें अपने शूर-वीर नायकों के बारे में नहीं पढ़ाया गया। इसी कारण आज हिन्दू भारत के छोटे से भू भाग में सिमटकर रह गया है और यहां पर भी सुरक्षित नहीं है। हम सभी को मिलकर राजाराम जाट , वीर गोकुल जाट , महाराजा सूरजमल , गौरा बादल आदि योद्धाओं पर उच्च कोटि की फिल्म बनानी चाहिए। ताकि हमारे बच्चे देश धर्म के लिए मर-मिटने को तैयार रहें । क्योंकि जो कौम बलिदान से डरने लगती है वो पारसियों, यजीदियो , कश्मीरी पंडितों की तरह अपने बच्चों को लेकर जगह-जगह भटकती फिरती है। हिन्दू को यदि शान से जीना है तो शान से लड़कर मरना सीखो।

दारा सिंह ने किंग कांग को अपने सिर के ऊपर उठाकर रिंग से बाहर फेंक दिया था

राजेश यादव
(महंत उत्तराधिकारी, डासना देवी मंदिर)

दारा सिंह का जन्म जाट परिवार में 19 नवंबर, 1928 को अमृतसर जिले के धर्मूचक गांव में सूरत सिंह रंधावा के घर हुआ था। दारा का पूरा नाम दारा सिंह रंधावा था। दारा अपने पहलवानों जैसे शरीर के चलते कुश्ती की ओर आकर्षित हुए थे। बचपन में वह अपने खेतों में काम करते थे। बाद में उन्हें अखाडे में पहलवानी सीखने के लिए प्रेरित किया गया। भारतीय कुश्ती टूर्नामेंट्स में दारा का नाम हमेशा प्रमुखता से लिया जाएगा।

दारा सिंह दुनिया के सबसे बड़े पहलवान थे। दारा सिंह का नाम जेहन में आते ही सबसे पहले उनकी विश्व चैंपियन किंग कांग के साथ कुश्ती की बात आती है।

भले ही उस मुकाबले को आज करीब 62 साल हो गये हों। लेकिन हमारे बुजुर्ग उस किस्से को आज भी गर्व के साथ सुनाते हैं। दरअसल इस मुकाबले ने दारा सिंह को रातों रात सुपर स्टार का दर्जा दिला दिया था। इस जीत से रुस्तमे हिंद दारा सिंह ने कुश्ती (अमेरिकी शैली की यानी

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ स्टाइल) के इतिहास में ऐसी मिसाल बना दी, जिसे बाद में भी कोई पार नहीं कर पाया।

दारा सिंह और किंग कांग के बीच सोनीपत के गांव भटगांव में 12 दिसंबर, 1956 को यह मुकाबला हुआ था। तब दारा सिंह की उम्र 28 साल थी और उनका वजन 130 किलो था। जबकि उनके ऑस्ट्रेलियाई चैलेंजर किंग कांग करीब 200 किलो वजनी थे।

किंग कांग का असली नाम एमिली काजा था। दारा सिंह ने लगभग 15-20 मिनट तक चले मुकाबले के बाद किंग कांग को अपने सिर के ऊपर उठाकर रिंग से बाहर फेंक दिया था। कहा जाता है कि उस समय दर्शकों में तत्कालीन सोवियत यूनियन के प्रधानमंत्री निकोलाई बुल्गानिन भी मौजूद थे। भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू भी यह मुकाबला देखने आने वाले थे, लेकिन किन्हीं कारणोंवश वह नहीं जा पाए।



बचपन से ही था कुश्ती का शौक

दारा सिंह बचपन से ही कुश्ती के प्रति आकर्षित रहे, क्योंकि उनका कद लंबा और शरीर बलिष्ठ था। किशोरावस्था तक वह कई घंटे कसरत किया करते थे। दूध, मक्खन और बादाम उनका मुख्य आहार हुआ करता था। 1947 में वह सिंगापुर चले गए वहां उन्होंने तरलोक सिंह को हराकर मलेशियाई कुश्ती चैंपियनशिप जीती। इस जीत के बाद उनकी विजय यात्रा की शुरूआत हो गई। पेशेवर पहलवान के तौर उन्होंने काफी देशों का दौरा किया और अपना लोहा मनवाया। 1952 में वह भारत आ गए और यहां भी चैंपियन बने। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रमंडल देशों का दौरा किया। उन्होंने 1959 में कलकत्ता में कनाडा के जॉर्ज गारडियांका और न्यूजीलैंड के जॉन डिसिल्वा को शिकस्त देकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। फिर बारी आई विश्व चैंपियन अमेरिका के लाऊ थेज की मई, 1968 में थेज को हराकर दारा सिंह विश्व चैंपियन बने।

500 से ज्यादा कुश्ती जीतीं

दारा सिंह ने अपने करियर में करीब 500 कुश्तियां लड़ी और सभी में जीत दर्ज की. 1983 में 55 वर्ष की उम्र में उन्होंने कुश्ती से संन्यास लिया और जीवन भर अजेय रहे। उन्होंने करीब 36 साल तक अखाड़े में अपना दम-खम दिखाया। खास बात यह है कि दारा सिंह ने ज्यादातर बड़े पहलवानों को उनके घर में जाकर शिकस्त दी। अपराजेय रहने के लिए उनका नाम आर्ब्जवर न्यूज लेटर हॉल ऑफ फेम में दर्ज है। आज के पहलवानों को रुस्तमे हिंद दारा सिंह रंधावा को आदर्श मानकर उनकी तरह कहठन परिश्रम कर अपना व देश का नाम रोशन करना चाहिए।

भारत की समस्या नई दिल्ली है, चीन नहीं

चीन LAC पर राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए और भारत Observation Post भी न बनाये
शौचालय में बैठकर इतिहास नही रचा जाता, चीन का जवाब उसी की नीति से देना होगा

1962 के परिणामों से हम सब वाकिफ हैं। हमारी और चीन की सीमाएं तीन सेक्टरों में बांटी जा सकती हैं।

पूर्वी सेक्टर में अरुणाचल प्रदेश , मध्य सेक्टर में उत्तराखण्ड और हिमाचल और पश्चिमी सेक्टर में सिक्किम और लददाख । कुल मिलाकर हमारी चीन के साथ सीमा की लम्बाई करीब चार हजार किलोमीटर है। वर्तमान में तो चीन ने सीमा की इस लम्बाई को करीब दो हजार किलोमीटर ही माना है। चीन का कहना है की लददाख के साथ लगने वाली सीमा तो हमारे मित्र देश पाकिस्तान के जम्मू और कश्मीर की है। इस विषय पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले हम दो भागों में विश्लेषण करेंगे । पहला , चीन की मंशा और दूसरा, हमें करना चाहिए।

कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी, वीर चक्र

1) चीन की मंशा - चीन और भारत के बीच में Line Of Actual Control (वास्तविक नियंत्रण रेखा) है। हम दिल्ली में ताकतवर हैं परन्तु जैसे-जैसे हम दिल्ली से दूर होते जाते हैं हमारी ताकत कम होती जाती है। जिस बिंदु पर यह ताकत शून्य हो जाती है उसे ही हम अपनी सीमा कहेंगे और यह वही बिंदु होता है, जहाँ करीब करीब दूसरे मुल्क की ताकत भी क्षीर्ण हो जाती है। चूँकि यह वास्तविक सीमा रेखा हैं इसलिए इसमें कुछ बदलाव सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की आक्रामक क्षमता के कारण भी होता रहता है। इसे ही हम Line Of Actual Control कहते हैं। इसकी अवहेलना चीन के द्वारा ही क्यों ?

यह कहानी प्रारम्भ होती है सन् 1986 से जब चीन ने अरुणाचल के सुमद्रोम चू इलाके में एक टेन्ट गाड़ा था। उस समय चीन की मंशा भारत की ताकत को भांपने में की थी। चीन यह देखना चाहता था कि क्या भारत आक्रमण मोड में है।

9 सालो तक चीन का वो टेन्ट गडा रहा और 1995 में उन्होंने स्वय ही उसे बंद कर दिया और वापस चले गये। उस समय चीन महाशक्ति नहीं बना था। अब बन गया है। 15 अप्रैल 2013 को चीन के कुछ सैनिक लददाख के दौलत बैग ओलडी में घुसे , फिर कुछ छोटे वाहन आये , फिर बड़े वाहन, फिर टेन्ट लगाया गया और फिर हेलिकापटर आये। सैनिकों के पास लाइट मशीन गन भी थी। यह करने से पहले चीन ने सोची समझी नीति के तहत चार कदम उठाये थे -

▸ 2006 में चीन के राजदूत ने पूरे अरुणाचल को अपना बताया था और इसका नाम रखा था जैग नैन।

▸ 2009 में चीन ने कश्मीरियों को स्टपेल्ड वीजा देना शुरू किया था और उत्तरी कमाण्ड के आर्मी कमाण्डर ले. जनरल जसवाल को वीजा देने से मना कर दिया था।

▸ 2010 में चीन ने घोषणा कर दी थी कि हमारी भारत के साथ पश्चिमी सेक्टर में कोई सीमा नहीं है। इसलिए कश्मीरियों को चीन आने के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं हैं।

▸ 2011 में चीन ने पीपल लिब्रेशन आर्मी आफ चाइना के करीब 400 सैनिक पाकिस्तान ओक्युपाइड कश्मीर (POK) ने तैनात कर दिए थे।

▸ 2013 में चीन ने लददाख के दौलतबैग ओल्डी में पांच अस्थाई पोस्ट कायम की और बीस दिन बाद अपनी शर्तो पर वापस लौट गया।

उपरोक्त से स्पष्ट हो जाता है कि चीन की मंशा सोची समझी नीति के तहत भारत के सीमावर्ती क्षेत्र पर पूर्वी सेक्टर से लेकर पश्चिमी सेक्टर तक कब्जा करने की है।

हांगकांग के एक प्रतिष्ठित डेली न्यूज पेपर wen wei po ने एक लेख में छापा कि चाइना अगले 50 वर्षो में 6 युद्ध लड़ेगा। इस अखबार के मालिक People Republic ऑफिस China के हैं और इसके प्रधान संपादक चाइना क्युनिष्ट पार्टी के सदस्य हैं। लेख में बताया गया कि People Liberation Army (PLA) 2035 में दक्षिण तिब्बत को दुबारा जीतने के लिए युद्ध लड़ेगा। इस युद्ध में हिंदुस्तान द्वारा विरोध हो सकता है। चाइना का मानना है कि 20 साल बाद भारत चीन से बहुत पीछे रह जायेगा। चाइना की Strategy है कि भारत का विघटन कराया जाए इसके लिए पहले असम और सिक्किम को स्वतंत्र होने के लिए तैयार कराया जाए। उधर पाकिस्तान को Advanse weapon दिए जाए ताकि वो कश्मीर का एकीकरण कर सके। चूँकि भारत दो मोर्चो पर लड़ाई नहीं लड़ सकेगा इसलिए उसकी हार निश्चित है- ऐसा चीन का मानना है।

1 भारत को क्या करना चाहिए

2007 में माननीय रक्षा मंत्री श्री ए.के. एन्टोनी जी जब सिक्किम के नाथुला बार्डर पोस्ट पर गये तो उन्होंने कहा कि आज मेरी आंखें खुल गयीं क्योंकि उन्हें बार्डर तक आती हुई चीन की मेटल रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग दिखाई दिए। इसका निष्कर्ष यह था कि PLA बहुत कम समय में पूरी तैयारी के साथ लड़ाई लड़ सकता है। उसे सीमा तक रसद पहुंचाने में समय नहीं लगेगा। भारतीय सेनाओं को सीमा तक पहुंचने के लिए कई-कई दिन और कई-कई मील का सफर पैदल और खच्चरों पर करना पड़ता

है। तब से अब तक 11 वर्ष गुजर गये हैं परन्तु भारतीय सीमा की स्थिति करीब-करीब जस की तस है। पिछले 3 वर्षो में थोड़ा काम हुआ है। 73 स्ट्रेटिजिक (Strategic) सड़को में से आधा ही अब बन पाई हैं जो 2012 तक पूरी होनी थी। 413 दूसरी प्रकार की सड़कें , 14 रेलवे लाइन के लिंक अब तक पूरे नहीं हुए हैं। जबकि चीन ने व्यापक रेल नेटवर्क और 58 हजार किलोमीटर लम्बी सीमावर्ती सड़कों का निर्माण कर लिया है। भारतीय सेना ने चीन के साथ लगने वाली सीमा पर रोड और रेलवे लाइन लिंक को गति प्रदान करने के लिए पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र माँगा तो वहीं मामला अटक गया। हालांकि 2020 तक 26 हजार करोड़ और 2016 तक 9 हजार करोड़ रुपयें के काम सीमावर्ती क्षेत्र में प्रस्तावित हैं \ थोड़ी स्थिति बदल रही है।

लददाख के साथ चीन की लगने वाली सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी 2010 तक भारतीय सेना के पास थी। इस जिम्मेदारी को ITBP (Indian Tibbetan Border Police) को क्यों सौप दिया गया ?आईटीबीपी मिनिस्ट्री आफ होम अफेयर्स के अन्तर्गत आती है। भारतीय सेना का प्रस्ताव है कि आइटीबीपी का Operational Control उसके अधीन कर दिया जाए। भारतीय सेना मिनिस्ट्री आफ डिफेन्स के अंतर्गत आती है। विश्वसनीयता और संवेदनशीलता में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। यदि भारत सीमावर्ती इलाके में किसी तरह का कोई निर्माण करता है तो चीन की तरफ से सख्त आपत्ति दर्ज करा दी जाती है। आज भी चीन यह कह रहा है कि हम दौलत बैग ओल्डी में इसलिए आये है क्योकि भारत ने पूर्वी और पश्चिमी सीमा में ग्राउंड बंकरों का निर्माण किया है।

स्तम्भ , विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक , चीन मई 2013 में वापस अपनी शर्तो पर लौटा है। पहली तो यह की चुमार में बनी विस्तृत Observation Post को तुरंत ध्वस्त किया जाए और सीमावर्ती क्षेत्र में नये निर्माण न किये जाएं। चीन ने इस Observation Post पर लगे सर्विलांस कैमरों के तार भी काटे हैं। चीन की दूसरी शर्त यह भी है कि Daulat Beg Oldi, Fukche and Nyoma में बने Advance Landing Ground को Reactivate न किया जाए। हमारा मानना है कि कोई ऐसी समस्या नहीं है जिसका



सावधान न हो। यदि हम पहले चरण में भारत चीन सीमा तक सड़कें बना लें और फिर बाद में रेल लिंक। और सड़कें बनाने में भी प्रथम चरण में हम सड़कों को केवल WBM (Water Bound Macadam) तक बनाएं जिसमे अधिक समय लगता है और जो गूगल मैपिंग में स्पष्ट दिखाई नहीं देता है। बाद में Bituminous Carpeting का कार्य पूरे क्षेत्र में एक साथ किया जाए जो अल्प समय में पूरा किया जा सकता है। जब तक चीन की तरफ से आपत्ति आएगी तब तक काम हो चुका होगा।

सन् 2008 में सिक्किम के फिंगर एरिया में भारत और चीन की बटालियन आमने-सामने आ गईं थीं। फिंगर चिप से एक महत्वपूर्ण वैली दिखाई देती है जिसका नाम है " Sora Funnel " यह क्षेत्र भारत के पास रहा है परन्तु चाइना ने वाटर शेड सिद्धांत के ऊपर इस क्षेत्र पर अपना कब्जा जताया परन्तु भारत अड़ा रहा और अन्ततोगत्वा वो पीछे चले गये। इससे यह साबित होता है कि भारत यदि मेज पर मुट्ठी मारकर बात रखे तो चीन मान सकता है क्योकि वर्तमान युग की लड़ाई बन्दूक से नही बल्कि डालर से होती है और इच्छा शक्ति से होती है। यहाँ यह भी बताते चलें कि भारत की कमजोर राजनैतिक इच्छा शक्ति के कारण कुछ समय पहले तक मालदीप में हमारे यहाँ व्यंग किये जाते थे। श्रीलंका हमारा दुश्मन बन गया था। बांग्लादेश को हम पर संदेह था , नेपाल अपने कंधे चढ़ा लेता था और पाकिस्तान हम पर हँसता था और चीन हम पर फब्ती कसता था।

भारत को ये करना चाहिए

1- सीमावर्ती क्षेत्र फौज के हवाले करे। आईटीबीपी को फौज के अधीन करे।
2- सीमावर्ती क्षेत्र में पहले सड़क और फिर रेल लिंक का निर्माण करे , सड़क में भी WBM तक करके छोड़ दे और फिर कारपेंटिंग एक साथ करे।
3- ब्रह्मपुत्र नदी में पानी के बहाव को नियमित करने वाले बांधो को चीन द्वारा निर्माण पर सख्त ऐतराज जताए।
4- पाकिस्तान द्वारा चीन के संचालन के लिए दिए गये बंदरगाह के खिलाफ प्रश्न उठाये और ईरान के साथ चाबाहार बंदरगाह का काम तेज करे।
5- आर्थिक स्तर पर चीन का मुकाबला करने क लिए स्वदेश में निर्मित उत्पादों पर टैक्स कम करे और स्वदेशी वस्तुओं का ही इस्तेमाल करे।
6- जापान एवं वियतनाम जैसे देशों को विश्वास में लेकर चीन की महत्वाकांक्षाओं के प्रतिद्रन्दी बने।
7- हिंदमहासागर में न्यूक्लियर सबमैरिन तैनात करे।

हिंदुस्तान के सिपाही की ताकत और शौर्य को चीन से कम न समझा जाए क्योंकि हमारा सिपाही न केवल सीमा की सुरक्षा करता है , न केवल यूनाइटेड नेशन के Peace Keeping Force में भाग लेता है बल्कि प्राकृतिक या कृत्रिम आपदा आने पर स्थिति को नियन्त्रण में भी करता है। लिहाजा इस बात से डरने की आवश्यकता नहीं है कि चीन की आर्थिक या सैनिक स्थिति हमसे कहीं अधिक ज्यादा मजबूत है। आखिर में बन्दूक के ट्रिगर के पीछे एक उंगली होती है और उस उंगली को हुक्म केवल स्वाभिमानी देशभक्त ही दे सकता है। अब तक हम सीमा पर Observation Post लगाकर चौकसी कर रहे थे , अब हमें पहले सड़कों और रेल लाइन का नेटवर्क तैयार करना है।

अत्यन्त आश्चर्य होता है जब सरकार में बैठे वरिष्ठ लोग यह कहते हैं कि हम चीन से लगने वाले सीमावर्ती इलाके में सड़कों और रेलवे लिंक का जाल इसलिए नहीं बिछा रहे हैं कि कहीं कल को इसका इस्तेमाल चीन न कर ले। इससे अधिक डरपोक सोच नहीं हो सकती। शौचालय में बैठकर सोचा तो जा सकता है परन्तु इतिहास नहीं रचा जा सकता। जिस लड़ाई को लड़ने से पहले दिल में डर व्याप्त हो जाए उसमे हार निश्चित है। हमे डरने की आवश्यकता नही क्योंकि नाथूलापास की घटना से चीन के सिपाही के दिल में भारत के सिपाही का खौफ बैठ चुका है।

'धमार्धारित आतंकवाद-एक सच्चाई'

यह हमारे देश का दुर्भाग्य है कि अनेक अवसरों पर आतंकवादियों के समर्थन में बुद्धिजीवी व कट्टर मुसलमानों के अतिरिक्त ढोंगी धर्मनिरपेक्षता वादी और जयचंदी हिन्दुओं की सहभागिता होने से आतंक की जड़ पर प्रहार नहीं हो पाता । इन विपरीत परिस्थितियों के कारण हमारा समाज व राष्ट्र जिहादियों के अनेक षड्यंत्रों से घिरता जा रहा है। जिससे अनेक मोर्चों पर हमारे उदासीन रहने के कारण आतंकियों का दुस्साहस भी बढ़ रहा है। आतंकवाद को मिटाने वालों व आतंकवादियों की इस्लामी पहचान को ढाल बना कर बचाने वालों में जो सामाजिक विभाजन हो गया है वह एक खतरनाक भविष्य का संकेत है।

प्रायः हमें मंदिरो में जो धर्म की शिक्षा दी जाती है, उससे अच्छे-बुरे व पाप-पुण्य का ज्ञान अवश्य मिलता है परंतु इससे शत्रु की पहचान का भाव नहीं समझा जा सकता। जबकि मदरसों - मस्जिदों आदि

विनोद कुमार सर्वोदय
(राष्ट्रवादी लेखक व चिंतक)

में धर्म का अर्थ कट्टरता से जोड़ा जाता है, उन्हें कैसे सुरक्षित रहना है, बताया जाता है। काफिर व अविश्वासियों (गैर मुस्लिमों) से कैसे जिहाद करना है, सिखाया जाता है। अनेक प्रकार से उन्हें दारुल- इस्लाम अर्थात विश्व का इस्लामीकरण करने और उस पर मरने के लिए फिदायीन (suicide bomb) तक बनाया जाता है।

सन् 2008 में संयुक्त राष्ट्र संघ (U.N.O.) की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि तालिबान व अलकायदा आदि जिहादी संगठन पाक व अफगानिस्तान की सीमाओं पर अनेक छोटे-छोटे बच्चों को धन देकर व जन्नत का वास्ता देकर 'फिदायीन' बनाते हैं। तालिबान ने 'फिदायीन-ए-इस्लाम' नाम से वजीरिस्तान में तीन ऐसे प्रशिक्षण शिविर तैयार किये हुए हैं जिसमें हजारों की संख्या में कम आयु (10 से 13 वर्ष) के मासूम मुस्लिम बच्चे प्रशिक्षण पा रहे हैं। अफगानिस्तान की तत्कालीन सरकार के अनुसार इन बच्चों को चौदह हजार से साठ हजार डॉलर में खरीदा जाता है और इनके माँ-बाप को समझाया जाता है कि धन के

अतिरिक्त आपका बेटा इस्लाम के लिये शहीद होकर सीधे जन्नत पहुँचेगा। पाकिस्तान के कुनार व नुरिस्तान आदि क्षेत्रों में जो बच्चे आत्मघाती बनने को तैयार हो जाते है ,उन्हें घोडे पर बैठा कर दूल्हे की तरह सजा कर पूरे गाँव में घुमाया जाता है और गाँव वाले कुछ तालिबानियों के भय से व कुछ समर्थक आदि बच्चों के माँ-बाप को मुबारकबाद देने भी आते हैं। समाचारों से स्पष्ट है कि पाकिस्तान की सरकार भी इसको स्वीकार करती है। इसी प्रकार इस्लामिक स्टेट भी ऐसे क्षेत्रों में मुस्लिम बच्चों को इस्लाम के नाम पर 'भविष्य के जिहादी' तैयार करने में जुट गया है।

हमारे देश की सीमाओं पर अवैध मदरसे व मस्जिदें अबाध गति से बढ़ते जा रहे हैं। इनमें घुसपैठ करके दुर्दान्त आतंकियों को शरण मिल जाती है।

उनके द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों के मुस्लिम बच्चे जिहाद की शिक्षा व अन्य प्रशिक्षण पाते हैं। अक्टूबर 2014 के एक समाचार पत्र में छपे एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के लेख के अनुसार केवल बांग्लादेश से लगी हमारी सीमाओं पर ही लगभग 1680 मदरसे व 2800 मस्जिदें हैं और इनमें अरबी इस्लाम की शिक्षा दी जाती है,जो उन्हें भारत की मुख्य धारा से जुड़ने ही नहीं देती। कट्टरपंथी धार्मिक शिक्षाओं से छोटे-छोटे बच्चों के मन-मस्तिष्क पर इतना कुप्रभाव पड़ता है कि वे अपने परिजनों को भी काफिर समझने लगते हैं। इस प्रकार जिहाद के लिए आतंकियों की पौध हमारे देश में भी तैयार की जा रही है। यही नहीं देश के अनेक नगरों व गाँवों में अवैध मस्जिद व मदरसे भी जिहादी षड्यंत्रों का अप्रत्यक्ष सहयोग करते हैं।

लगभग 2 वर्ष पूर्व (19 दिसम्बर 2016) को बर्लिन में हुई आतंकी घटना पर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्वीट किया था कि 'यह विशुद्ध रूप से धार्मिक संकट है, इसकी असलियत अब सामने है'। डोनॉल्ड ट्रम्प ने हमलावर का वीडियो देख कर यह भी ट्वीट किया कि जिस आतंकी ने जर्मनी (बर्लिन) में निर्दोषों का कत्ल किया था, उसने ऐसा करने से कुछ समय पहले यह भी कहा था कि 'ईश्वर की इच्छा से तुम्हारा कत्ल करेंगे'। ट्रम्प ने यह भी कहा कि 'इस तरह की नफरत से आखिर कब तक अमेरिका व अन्य सभी देश लड़ते रहेंगे'? वह आतंकी ट्यूनीशिया मूल का अनीस अमीरी था जो इस्लामिक स्टेट के लिए काम करता है ।

पूर्व के अनेक समाचारों से ज्ञात होता है व प्रायः यह पाया गया है कि आतंकवादी घटनाओं के बाद जिहादी संगठन उसकी जिम्मेदारी लेते हैं और ठोंक कर कहते हैं कि 'वे कुफ्र के विरुद्ध जिहाद कर रहे हैं। उनकी प्रेरणा इस्लाम है और इस्लाम की सेवा में वे अपने प्राणों की बाजी लगाकर काफिरों के प्राण लेने के लिए तैयार हैं।'

ध्यान रहे कि आतंकवादी किसी सनक, मूर्खता या धनलोभ के कारण ही अपनी जान नहीं देते। वे अल्लाह की राह पर अल्लाह के लिये अपनी जान देते हैं। 'कोई धर्म आतंकवादी नहीं होता और आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता 'यह जुमला अधिकतर आतंकवादी घटनाओं के बाद सेक्युलर नेताओं , मानवाधिकारवादियों व पत्रकारों द्वारा बोला जाता है लेकिन वे किसी आतंकवादी का धर्म नहीं बताते, क्यों ? यह कहना अनुचित नहीं होगा कि आतंकवादी जिस धर्म के होते हैं, उसी में अपने अस्तित्व को पाते हैं। यह भी निंदनीय है कि जब कोई अपने धार्मिक ग्रंथों व दर्शन के कारण गैर मुस्लिमों व अविश्वासियों को काफिर मानेगा तो उस कट्टरपंथी समुदाय के निशाने से वह कब तक बच पायेगा ?

वह कौन सी मानसिकता है जो घृणा व वैमनस्यता फैला कर निर्दोष लोगों का सामूहिक कत्लेआम करने को उकसाती है? वह कौन सी संस्कृति है जो मासूम बच्चों व महिलाओं पर अमानवीय अत्याचारों का कहर बरपाने को भी ठीक मानती है? वह कौन सा दर्शन है जिससे ये 'अमानवीय शक्तियां' सम्पूर्ण संसार को अपनी मुठ्ठी में करने को उत्सुक हो रही हैं? वे कौन सी शक्तियां हैं जिनको बम ब्लास्ट करके सकून मिलता है और जो चाहते हैं कि इस्लामिक कानून (शरिया) के अनुसार चले दुनिया। आपको ज्ञात होगा कि 25-26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद व बंगलौर में सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे,उसमें आजमगढ़ का एक मौलवी अबुल बशर, जो 2001 से आतंकवादी संगठन सिमी में सक्रिय रहा, ने पकड़े जाने के बाद पुलिस को दिए बयान में यह खुलकर कहा था कि 'यही है तमन्ना कि इस्लामी कानून से चले दुनिया'। यह आतंकी मौलवी मुस्लिम लड़कों व सिमी के सदस्यों को भी कुरान की आयतें, हदीस, इस्लास्मिक शासन व अरबी पढ़ाता रहा था। इसकी तहरीर भी अनेक स्थानों पर मासूम मुस्लिमों को जिहाद के लिये भड़काती थी।

अतः यह भ्रमित व निराधार है कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता'। उदारता, सहिष्णुता , संवेदनशीलता व मानवता का अभाव जिसमें होगा और जो विश्व के इस्लामीकरण के लिए जिहाद की शिक्षाओं से बाहर आकर कोई मध्यम मार्ग नहीं बनाएगा तो फिर मानवता के उच्च मापदंड कैसे सुरक्षित रह पायेंगे ?

अधिकांश हिन्दू सहित वैश्विक समाज मानवता के विरुद्ध हो रहे ऐसे भयानक षड्यंत्रों को समझ ही नहीं पाते और इसी भुलावे में उसको अपने मित्र व शत्रु का भी आभास नहीं होता। वह अपने परिवार व समाज में तो छोटी-छोटी बातो में भाँहें तान लेते हैं पर अंदर ही अंदर होने वाली बड़ी हानि समझ नहीं पाते। वास्तव में ऐसी धार्मिक कट्टरता के विरोध से ही साम्प्रदायिकता को नष्ट किया जा सकता है। जिसके नष्ट होने से सामाजिक सौहार्द बनेगा और मजहबी आतंकवाद पर विजय मिल सकेगी । प्रचार के इस युग में मानवता की रक्षा के लिए समाचार पत्रों व टी वी चैनलों को भी ऐसे भयानक षड्यंत्रों का खुलासा करके समाज की सुरक्षा के लिए उसको सतर्क व सावधान करते रहना चाहिये ।आज सभी राष्ट्रवादियों व मानवतावादियों को धर्म व देश के संकट को समझ कर उसकी रक्षा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिये। ऐसे में अपने अस्तित्व व स्वाभिमान के लिए संघर्ष से बचने का मार्ग आत्मघाती होगा ।

आज विश्व के अनेक देशों की यही पीड़ा है और अधिकांश मानवतावादी इस पीड़ा को समझ चुके हैं। फिर भी इस अन्यायकारी व अत्याचारी जिहादी जुनून से मानवता की रक्षा के उपाय अभी अपर्याप्त हैं। इसलिये वैश्विक शान्ति व मानवता की रक्षार्थ प्रभावकारी उपाय करने ही होंगे अन्यथा इन मानवीय आपदाओं से पृथ्वी के विनाश को नियंत्रित करना संभव न होगा । वैसे अब कुछ आशा बँधी है कि जैसे-जैसे ट्रम्प, पुतिन व मोदी जैसे राष्ट्रवादी व मानवतावादी राष्ट्रनायक उभरेंगे वैसे-वैसे धार्मिक आतंकवाद 'जिहाद' पर अंकुश लगने की सम्भावनायें बढ़ेंगी। वैश्विक शान्ति और मानवता की रक्षा के लिए किसी भी 'धर्म' की निरंकुशता व हिंसात्मक गतिविधियों को नियंत्रित करना ही आज सबसे बड़ा धर्म है।



सूर्या बुलेटिन के माध्यम से हम अपने सभी बुद्धिजीवी पाठकों को इस अध्याय से मुस्लिम आक्रांताओं के द्वारा हुए रक्त रंजित इतिहास का बोध कराने की कोशिश करते हैं। पाठकों की मांग पर इस बार फिर आचार्य चतुरसेन की अति प्रसिद्ध कृति 'सोमनाथ की यात्रा' के कुछ अंश आपके सामने रखता हूँ।

मगरिब की नमाज

रत्न मंडप में आकर अमीर ने मगरिब की नमाज अदा करने को घुटने टेक दिये। सहस्त्रों नर-मुंड जो जहां थे झुक गए। हजरत अलबरूनी ने अमीर के नाम का खुतबा पढ़ा। उन्होंने कहा, ''गाज़ी अमीर महमूद शहंशाहे-गजनी, जिन पर परमात्मा की असीम कृपा है और रहेगी, दुनिया में खुदा के प्रतिनिधि हैं।''

इसके बाद उन्होंने महालय से कंगूरे पर चढ़कर बांग लगाई ,'' ला इलाइलिल्लाह-मुहम्मद रसूल अल्लाह।'' सबने ''आमीन! आमीन! कहा।'' अमीर ने जल्द-गम्भीर स्वर में कहा,'' मैं अमीर महमूद,खुदा का बन्दा,वही कहूंगा जो मुझे कहना चाहिए । और वही करूंगा जो करना चाहिए। खुदा के हुक्म से कुफ्र तोड़ना सबसे बड़ा सवाब है। और मैं खुदा का बन्दा महमूद,धर्म की इस तलवार को कुफ्र तोड़ने के काम में लाता हूं और आप सब इस सवाब के हिस्सेदार हैं।''

फिर सबने आमीन कहा। ज्योतिर्लिंग के रुद्राभिषेक के लिए जो गंगोत्री का पवित्र गंगाजल चांदी के घड़ों में गर्भगृह में भरा रखा था,उसी से उसने वजू किया और मगरिब की नमाज अदा की-उसी-रत्नमंडप में, जहां कभी देव-सान्निध्य में शत-सहस्त्र नेत्रों के सम्मुख रूपसी देवदासियों नृत्य लास करती थीं। इसके बाद उसने रत्न मंडप की पौर में कुर्बानी की। फतह मुहम्मद ने महालय के शिखर पर चढ़ गगनचुम्बी भगवाध्वज भंग कर महमूद का हरा झंडा फहरा दिया।

इस प्रकार अपने लाशरीक खुदा को प्रसन्न कर,उसके प्रति अपनी कृतज्ञता जता, वह अपने अश्व पर सवार हुआ। उसने महालय और देव पट्टन में अपनी आन फेरी,युद्ध बन्द करने का आदेश दिया। आदेश न मानने वालों को कैद करने या कत्ल करने का हुक्म दिया। सब प्रमुख नाकों,आगारों,महालयों पर पहरे-चौकी का प्रबंध कर दिया। और सिंहद्वार के फाटक उखाड़ कर उन्हें साथ ले, सब ओर से निश्चिन्त होकर तुरही,नफीरी,शहनाई और नक्कारे बजाता हुआ,जिहाद का हरा विजयी झंडा फहराता अपनी छावनी में लौटा। जब उसने घोड़े की पीठ छोड़ी, एक पहर रात बीत रही थी।

हजारों घायल,बे-घायल राजपूत बन्दी बना लिये गये। लाशों को उठाने का उस रात कोई बन्दोबस्त नहीं हुआ। जिस कक्ष में गंगा ने अग्निरथ-अभियान किया था, उसके आसपास के सब कक्ष जलकर राख हो गये थे। रात-भर वहां आग धधकती रही। किसी ने भी उसे बुझाने की चेष्टा नहीं की।

वृद्ध वीरवर कमा लाखाणी इस समय सैकड़ों घावों से लदे-फदे अपने प्रवहण में एक ओर खड़े

महालय के अंचल की उठती हुई लपटों के प्रकाश में भग्न भगवा ध्वज को आंसू भरी आंखों से देख रहे थे। प्रवहण में अचेत महाराज भीमदेव को चेत में लाने के लिए दामोदर महता और बालुकाराय अथक प्रयत्न कर रहे थे। संसार अन्धकार में डूबता जा रहा था और इस अन्धकार में एक गहरा काला धब्बा सा, वह प्रवहण लहरों पर हिलता-डोलता सा समुद्र-वक्ष पर बढ़ता हुआ, कच्छ की खाड़ी में सुरक्षित गंदावा दुर्ग की ओर बढ़ रहा था।

नष्ट प्रभात

रात ही में देवपट्टन में भगदड़ मच गई। हिन्दू योद्धा और पुजारी जल-थल की राह भाग चले थे। प्रभात होते ही तुर्कों के ही दल-बादल नगर महालय लूटने को अल्लाहो-अकबर का नाद करते टूट पड़े। शत्रु के भय से हिन्दू मछुए होड़ी आदि जो जिसके हाथ लगा,उसी पर बैठकर समुद्र में तैरने लगे। पर इस समय समुद्र भी अभागे हिन्दुओं का शत्रु हो गया था। उसमें बड़ी-बड़ी पहाड़ की चट्टान के समान लहरें उठने लगीं। अनेक अभागे उन लहरों की चपेट में आकर समुद्र-गर्भ में विलीनहो गए। अनेक लोग शत्रुओं के हाथ बन्दी हुए या कट मरे।

देखते ही देखते देवनगर धांय-धांय कर जलने लगा।महमूदअपने काले घोड़े पर सवार हो विजयोत्सव से भरा हुआ दल-बल सहित महालय की पौर में धंसा। इस विजय का महमूद को बड़ा गर्व था। हर्ष से उसका हृदय उछल रहा था। महमूद और उसके मन्त्रीगण आश्चर्यचकित होकर महालय की भव्य शोभा निहारने लगे। उस अगम्य देवस्थली में उनके भ्रष्ट पैरों के पड़ने से देवस्थान मलिन होने लगा। आंखों से कभी न देखी और कानों से कभी न सुनी हुई शोभा और ऐश्वर्य की राशि देख महमूद और उनके मंत्रीगण विमूढ़ हो गये। उसे अपनी गजनी के राजमहल के ऐश्वर्य का बड़ा गर्व था। परन्तु सोमनाथ महालय के ऐश्वर्य को देखकर उसका गर्व खंडित हो गया। वह आगे बढ़कर गर्भगृह में घुसा। ज्योर्तिलिंग के तीन टुकड़े बिखरे हुए पड़े थे। गंग सर्वज्ञ का छिन्न शरीर भी उसी भांति देव-सान्निध्य में पड़ा था। उनका रक्त बहकर सूख गया था। उसने मंदिर के पुजारियों और अधिकारियों के सम्मुख आने की आज्ञा दी। बहुत पुजारी भाग गए थे। जो शेष थे,वे कृष्णस्वामी को आगे करके डरते-कांपते अमीर के सम्मुख करबद्ध होकर खड़े हुए। कृष्णस्वामी ने हाथ जोड़कर कहा,'' पृथ्वीनाथ, जितना धन आपको चाहिये, दंड देने को तैयार हैं, परन्तु महालय को भंग मत कीजिये। यह हमारा हिन्दुओं का अति प्राचीन देवस्थान है। हम दीन जन आपसे अब यही भिक्षा मांगते हैं।''

महमूद ने कहा, '' जर-जवाहर के लालच से इस्लाम के बन्दों का खून बहाने मैं यहां नहीं आया हूं। मैं मूर्ति पूजकों के धर्म का तिरस्कर्ता, मूर्तिभंजक महमूद हूं,बुतपरस्ती के कुफ्र को दूर करना मेरा धर्म है। मैं मूर्ति बेचता नहीं, मूर्तियों को तोड़कर अल्लाताला खुदा के पैगम्बर मुहम्मद की आन कायम करता हूं।'' इतना कहकर उसने अपने हाथ की रत्नजटित सुनहरी छड़ी से तीन बार उस भग्न ज्योर्तिलिंग पर आघात किया और सब मूर्तियों तथा महालय को तोड़ने -फोड़ने का हुक्म दिया। देखते ही देखते उसके हजारों बर्बर सैनिक महालय की मूर्तियों,महराबो और तोरणों को तोड़ने फोड़ने और ढाने लगे।

अब महमूद ने कृष्णस्वामी से धन-रत्न कोष की चाबियां तलब कीं। अछता-पछताकर कृष्णस्वामी ने देवकोष महमूद के समर्पण कर दिया। उस देवकोष की सम्पदा को देखकर महमूद की आंखें फैल गईं। भू-गर्भ स्थित चहबच्चों में स्वर्ण,रत्न,हीरा,मोती,माणिक आदि भरे थे। उस दौलत का अन्त न था। उस अटूट सम्पदा को देखकर महमूद हर्ष से अपनी दाढ़ी नोचने लगा। उसने तुरन्त ही सब रत्नकोष उठाकर मंजूषाओं में भर-भरकर शिविर को रवाना कर दिया।अस्सी मन वजनी ठोस सोने की जंजीर, जिसमें महाघंट लटकता था, तोड़ डाली। किवाड़ों,चौखटों और छत से चांदी के पत्तर छुड़ा लिये। कंगूरों के स्वर्णपत्र उखाड़ लिये। मणिमय स्तम्भों पर जड़े हुए रत्न उखाड़ने में उसके हजारों बर्बर जुट गए। सोने-चांदी के सब पात्र ढेर कर उसने ऊंटों पर लाद लिए।

फिर भी उसे सन्तोष न हुआ। उसके गोइन्दों ने गुप्त कोष की तलाश में समूचे गर्भगृह को खोद डाला। ज्योर्तिलिंग के मूल स्थान में बहुमूल्य मणि-माणिक्य का एक महा-भंडार उसे और मिल गया। इससे उत्साहित होकर उसने समूचे महालय के गोख, फर्श,आलिन्दों को खोद-खोदकर गुप्त कोष ढूंढना प्रारम्भ किया। कृष्णस्वामी से उसने बहुत प्रश्न किया। अंत में उसे बांधने की आज्ञा दी। सैनिक कृष्णस्वामी को बांधने लगे। कृष्णस्वामी गिड़गिड़ाने लगे और प्राणों की भिक्षा मांगने लगे। चारों ओर तुमुल कोलाहल मचा रहा था। उस कोलाहल के बीच जैसे हृदय को विदीर्ण करती हुई एक तीव्र हुंकृति ने सभी को चौंका दिया। उस पागल क्षण में चीखती-चिल्लाती, न जाने कहां से रमादेवी,एक मोटी लकड़ी लिए भीड़ को चीरती हुई धंस गई। उसके वस्त्र फटे,नेत्र फैले हुए, बाल बिखरे हुए और मुंह विकराल था। उसने सैनिकों को पीछे धकेलकर कृष्णस्वामी को अपने आंचल में छिपाते हुए ललकार कर कहा, '' कहां है वह मुंडी काटा गजनी अमीर,आए मेरे सामने, देखूं कैसे वह मेरे आदमी को बंदी बनाता है।''

सैनिकों ने झपटकर रमाबाई को पकड़ लिया। धक्कामुक्की में उसके वस्त्र तार-तार हो गए। वह गिर गईं। परन्तु सिंहनी की समान गरज कर उसने उछाल भरकर सैनिकों को गिरा दिया। सैनिकों ने तलवारें खींचीं। सैकड़ों तलवारें रमाबाई पर छा गईं। फतह मुहम्मद अब तक चुपचाप अमीर की बगल में खड़ा हो था। अब वह तलवार सूंत एकदम रमाबाई के आगे छाती तानकर खड़ा हो गया। उसने ललकार कर कहा,'' खबरदार, जो कोई इस औरत को छुएगा उसके धड़ पर सिर नहीं रहेगा।''

नामदार अमीर महमूद की उपस्थिति में यह घटना असाध्य थी। महमूद अविचलित भाव से यह सब देख रहा था। अब उसने आगे बढ़कर कहा कहा कि उस औरत को छोड़ दो।

सिपाहियों ने रमाबाई को छोड़ दिया। छूटते ही उसने कृष्णस्वामी के बन्धन खोल दिए और फिर वह अपने हाथ की लकड़ी मजबूती से पकड़कर अमीर की ओर फिरी। उसने अपनी गोल-गोल आंखें घुमाते हुए कहा,'' तू ही वह अमीर है।''

'' हां,औरत मैं ही अमीर महमूद हूं।''

'' तूने सर्वज्ञ को मारा, देवलिंग भंग किया।''

'' हां, मैं विजयी मूर्तिभंजक महमूद हूं। लेकिन औरत, तू क्या चाहती है?''

'' मैं तुझसे पूछती हूं कि क्या तुझसे किसे ने यह नहीं कहा कि तू मृत्यू का दूत, जीवन का शत्रु और मनुष्या का कलंक रूप है?''

'' अय औरत, मैं तेरी सब बात सुनूंगा, कहती जा।''

'' तूने विजय प्राप्त की, पर किसी की भलाई नहीं की।''

'' मैं खुदा का बन्दा, खुदा के हुक्म से कुफ्र तोड़ता हूं।''

'' तू भगवान के पुत्रों को मारता है, जिन्होंने तेरा कुछ नहीं बिगाड़ा। उन्हें लूटता है उनके घर-बार जलाता है। तू कंकड़-पत्थरों का लालची है, औरआदमी का दुश्मन है। तेरा खुदा यदि तेरी इन काली करतूतों से खुश है तो वह खुदा नहीं शैतान है।''

महमूद की भवों में बल पड़ गये। किन्तु वह चुपचाप अपने होठों को दबाता हुआ इस दबंग औरत को देखता रहा,जिसके साहस और शक्ति का अन्त न था। वह इस औरत की बात का मर्म समझ गया। उसने फतह मुहम्मद की ओर देखा- वह उसी भांति तलवार नंगी किये रमादेवी के आगे छाती तानकर खड़ा था। महमूद ने कहा '' अय बहादुर , क्या इस औरत को जानता है?''

'' जानता हूं जहांपनाह।''

'' कौन है यह?''

'' मेरी मां।''

महमूद बड़ी देर तक उस औरत की ओर ताकता रहा,एक हल्की सी मुस्कान और करुणा की झलक उसके नेत्रों में आई। उसने जल्द गंभीर स्वर में कहा,'' औरत तलवार के विजेता महमूद के समने तूने जो सच कहा, वह बादशाहों के लिए इज्जत की चीज है। दुनिया में दो चीजों लोगों को जिन्दगी बख्शती हैं-एक सूरज की किरणें और दूसरा मां का दूध। तूने जिन्दगी से प्यार करने की ओर मेरा ध्यान दिलाया है। ठीक कहा तूने औरत। और तू मां है, मां के बिना महमूद पैदा न हो सकता था। फिरदौसी, अलबरूनी,अरस्तु, शेख सादी, ये सब मां के बच्चे हैं। अय मां आगे बढ़ और इस बच्चे के सिर पर हाथ रखकर उसे दुआ बख्श, जिसने तीस वर्ष तक धरती को अपने पैरों से कुचल कर उसे लोहू से लाल किया है।''

दो कदम आगे बढ़कर महमूद सिर झुकाकर एक बालक की भांति रमाबाई के आगे बढ़कर आ खड़ा हुआ।

रमाबाई का रुद्र-भाव एकबारगी जाता रहा और उसने हाथ की लकड़ी फेंक कर आगे बढ़कर महमूद के मस्तक पर हाथ रखा और आंखों में आंसू भरकर कहा,''कैसे तू जिन्दा आदमी मार सकता है, उनका घर-बार लूट सकता है। अरे महमूद उनकी भी तेरी सी जान है, उन्हें कितना दुख होता होगा, बोल तो? '' रमाबाई का गला भर आया। उसकी आंखों से झर-झर आंसू बह चले।

महमूद ने सिर ऊंचा किया। उसने कहा,''बहुत लोग मुझसे अपने राज्य और दौलत के लिए लड़े लेकिन इंसान के लिए आज तक मुझसे कोई नहीं लड़ा। मैं खुदा का बन्दा महमूद वही कहूंगा जो मुझे कहना चाहिये। यह औरत, जो मेरे सामने खड़ी है,उसने मुझे एक नई बात बताई है,जिसे मैं नहीं जानता था। इसके हाथ में तलवार नहीं है, तलवार का डर भी इसे नहीं है। यह रोती और गिड़गिड़ाती भी नहीं। बादशाहों के बादशाह महमूद को फटकारती है,इंसाफ के प्यार ने इसे इस कदर मजबूत बनाया है। इसके बाद आंसुओं का मोल तमाम दुनिया के हीरे मोतियों से भी नहीं चुकाया जा सकता। इसने महमूद को मां की तरह नसीहत दी है औरअब मैं, महमूद खुदा का बन्दा, वही कहूंगा जो मुझे कहना चाहिये। दो सौ घुड़सवार जिनकी सरदारी फतह मुहम्मद करेगा,इज्जत के साथ इस बादशाहों के बादशाह की मां को इसके घर तक पहुंचा दें और जितनी दौलत चाहे, ले जाए और जो चाहे वही उसे हुक्म दे।''

लेकिन रमा देवी ने कहा,'' महमूद, मुझे कुछ नहीं चाहिये। मैं केवल यही चाहती हूं कि तू अभी,इस देवपट्टन से चला जा और अब अधिक विनाश न कर। और जान रख कि तू जैसे खुदा का बन्दा है वैसे ही और सब लोग भी हैं। वे सब तेरे भाई हैं महमूद उन्हें प्यार कर, तेरी नामवर तलवार उनकी रक्षा के लिए है, उनकी गर्दन काटने के लिए नहीं।''

महमूद ने तलवार ऊंची करके कहा ''महमूद खुदा का बन्दा, इस औरत का हुक्म मानकर इसी क्षण इस देवपट्टन को छोड़कर कूच करने का हुक्म देता है ।''

महमूद ने तलवार को म्यान में किया और अपना घोड़ा मंगाया। उसके सब सैनिक चुपचाप अपनी तलवारें नीची किये उसके पीछे-पीछे चले। केवल फतह मुहम्मद अपने दो सौ सवारो के साथ रह गया।

'' अब तू, देवा, तू भी जा,'' रमा देवी ने उसे देखकर कहा।

'' मां, क्या तुम मुझसे नाराज हो?''

'' जो कुछ तूने किया, वह होनहार था। पर अब तू जा और इस अपने संगी साथियों को भी ले जा। तेरी आंखों के आगे सर्वज्ञ का हनन हुआ। यह महापाप तेरे ही ऊपर है। पर मैं तुझे दोष नहीं दूंगी। सर्वनाश का क्षण ही आ गया था।''

कुछ देर फतह मुहम्मद सिर नीचा किए खड़ा रहा। वह शोभना के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता था,पर कुछ सोचकर चुप रह गया। फिर उसने कहा,'' मां, और कुछ कहना है?''

'' ना, तू जा अब।''

फतह मुहम्मद चुपचाप चला गया। उसने आंख उठाकर एक बार भी कृष्णस्वामी की ओर नहीं देखा। उसके पीछे दो सौ सवार भी गए। कृष्णस्वामी नीचा सिर किये खड़े थे। अब कृष्णस्वामी और रमाबाई को छोड़कर और कोई वहां पर उपस्थित न था। रमाबाई ने भरे हुए बादलों के स्वर में कहा,'' अब इस तरह खड़े रहने से क्या होगा,चलकर पहले सर्व का ऊर्ध्व दैहिक करो,पीछे और कुछ।''

और वे दोनो प्राणी उस नष्ट प्रभात में अपनी ही पग ध्वनि से चौकते हुए खंडहरों,मलवों और भग्न मूर्तियों के सूने ढेरों से उलझते,भय-आतंक और भूख-प्यास से जर्जर उस भग्न गृह में घुस रहे थे। जहां अब केवल सर्वज्ञ का छिन्न-भिन्न शरीर भूमि पर पड़ा था। ज्योर्तिलिंग के भग्न खंड, धन-रत्न भंडार के साथ ही अमीर के आदमी ले गए।

गंदावा दुर्ग

महमूद को देवपट्टन की यह विजय बहुत महंगी पड़ी। यद्यपि यहां से उसे अथाह संपदा मिली,परन्तु उसका सैनिक बल छिन्न-भिन्न हो गया। अब उसे यह भय होने लगा कि वह अतोल सम्पदा को लेकर सही-सलामत गजनी पहुंच सकेगा भी या नहीं। उसकी सेना के प्रायः सारे ही हाथी इस युद्ध में नष्ट हो चुके थे। बहुत से मर चुके थे, जो बचे थे वे अंग भंग, कमजोर और घायल थे। उनमें से अच्छे ऊंट और हाथी चुनकर उसने उन पर सोना,रत्न और लूटा हुआ धर-माल लदा। पचास हाथी और दो सौ ऊंटों पर यह सब सम्पदा लादी गई। सबके बीच एक गजराज पर सिंह-द्वार के चन्दन के फाटक और ज्योर्तिलिंग के तीन टुकड़े थे। चुने हुए दस हजार उत्कृष्ट सवार इस खजाने की रक्षा के लिए देकर और सेनापति मसऊद को उसका नायक बनाकर अनहिल्ल पट्टन की ओर सीधा रवाना कर दिया। बन्दी,घायल,रोगी तथा

अनावश्यक सामग्री भी उसने उनके साथ ही भेज दी।

